टूटे हुए टेप से भाला फेंक को मापना

मोहन आर.

समाधान :

मान लीजिए कि A वह बिन्दु है जहाँ भाला गिरता है, α वह वृत्तीय चाप है जो A के सबसे नज़दीक है, और O α का केन्द्र है। सही माप सुनिश्चित करने के लिए टेप को A और O को जोड़ने वाली रेखा की सीध में होना चाहिए। माना कि C वह बिन्दु है जहाँ रेखा AO और वृत्तीय चाप α एक-दूसरे को काटती हैं। अगर शिक्षिका (जो कि रेफरी की भूमिका निभा रहीं हैं), α पर सही स्थान पर C बिन्दु नहीं ढूँढ़ पाती हैं तो मापने में गलती हो सकती है और उपविजेता द्वारा उठाया गया सवाल सही सिद्ध हो जाएगा। रेफरी एकदम सही जगह पर बिन्दु C कैसे पता कर सकती हैं?



चित्र-1

की-वर्ड : अनुप्रयोग, अन्त: विषयक, समस्या समाधान

यदि हम α पर कोई अन्य बिन्दु B चुनते हैं, तो त्रिभुज असमिका (triangle inequality) के अनुसार हमारे पास OB + BA > OC + CA = OA होगा।



चित्र-2

इसलिए, यदि B चाप α पर C से अलग कोई बिन्दु है तो हम A को केन्द्र और AB को त्रिज्या रखकर एक और वृत्तीय चाप β खींच सकते हैं। अब β, α को मूल बिन्दु B पर और एक अन्य बिन्दु D पर काटता है। (क्या ऐसा तब भी होगा जब B और C दोनों बिन्दु ठीक एक ही जगह होंगे?)



चित्र-3

नीचे दिए गए विस्तारित (चरम स्थिति के) चित्र पर नज़र डालते हैं। मान लीजिए कि B और D को जोड़ने वाली रेखा O और A को जोड़ने वाली रेखा को बिन्दु M पर काटती है। इस स्थिति में [SSS (भुजा-भुजा-भुजा सर्वांगसमता से)] त्रिभुज BOA और DOA सर्वांगसम हैं। इसका मतलब है कि $\angle BOA = \angle DOA$ है, और इसलिए त्रिभुज BOM और DOM सर्वांगसम हैं [SAS (भुजा-कोण-भुजा सर्वांगसमता से)]। इसका तात्पर्य है कि $\angle OMB = \angle OMD$ हैं और समकोण हैं। इस प्रकार, रेखाएँ BD और OA एक-दूसरे के लम्बवत हैं।



चित्र-4



चित्र-5

इसलिए, यदि रेफरी वृत्तीय चाप α पर कोई भी बिन्दु B चुनती हैं, तो वह माध्यमिक कक्षा में पढ़ाई जाने वाली बुनियादी ज्यामितीय का उपयोग करके BD का लम्ब समद्विभाजक (या $\angle BAD$ का कोण समद्विभाजक) खींच सकती हैं। इस तरह, चाप α को यह समद्विभाजक जिस जगह काटेगा वह बिन्दु C होगा।

सम्पादक टीप : जब हम ज्यामिति को वास्तविक दुनिया के अनुभवों से जोड़ते हैं तो यह अधिक रोचक बन जाती है। यहाँ चर्चा किए गए सिद्धान्त गोला फेंक, हैमर थ्रो और डिस्कस थ्रो जैसे खेलों में दूरी को मापने में, विशेषकर तार्किकता, त्रुटि विश्लेषण और प्रमाणिकता सिद्ध करने में मदद करते हैं।

इसके अतिरिक्त, यह चर्चा वृत्त की स्पर्श-रेखा की अवधारणा की ओर भी ले जाती है। यदि रेफरी बिन्दु B के बजाय बिन्दु C को चुनती हैं, तो स्पष्ट है कि नया वृत्तीय चाप β वृत्तीय चाप α को किसी अन्य बिन्दु पर नहीं काटेगा। इसलिए, बिन्दु C से गुज़रने वाली, AO की लम्बवत रेखा C के स्पर्शबिन्दु को दर्शाती है। यह अवधारणा निम्नलिखित प्रमेय को भी छूती (या रेखांकित करती) है, जिसे आमतौर पर विद्यार्थियों को बाद में पढ़ाया जाता है :

प्रमेय : वृत्त के किसी बिन्दु पर स्पर्श रेखा स्पर्श बिन्दु से गुज़रने वाली त्रिज्या पर लम्ब होती है।

आभार

एट राइट एंगल्स सुयश तिवारी के प्रति आभारी है। वे अज़ीम प्रेमजी स्कूल, धमतरी में गणित शिक्षक हैं। भाला फेंक में दूरी को मापने पर लिखी उनकी टिप्पणी ने इस लेख के विचार को जन्म दिया।

मोहन आर. अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में गणित पढ़ाते हैं। मूलत: वे एक बीजगणितज्ञ हैं। वे गणित शिक्षा और गणित संवाद में रुचि रखते हैं। वे कर्नाटक के गणितीय ओलम्पियाड के क्षेत्रीय समन्वयक हैं। उनसे mohan.r@apu.edu.in पर सम्पर्क किया जा सकता है।

अनुवाद : शौर्या बरतारिया **पुनरीक्षण :** प्रतिका गुप्ता **कॉपी एडिटर :** अफसाना पठान